पंजाब केसरी 25/03/2023

# जी.एम.एन. कॉलेज में किया गया पंजाबी काव्य उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन

अम्बाला छावनी, 24 मार्च (कोचर): कैंट के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के पंजाबी विभाग द्वारा पंजाबी काव्य उच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा आधुनिक पंजाबी काव्य, मध्य-काव्य की कविताओं का उच्चारण पढ़कर और गाकर किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



विजेता रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य। (चंद्रमोहन)

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के लवदीप सिंह, दूसरा स्थान बी.ए तृत्तीय वर्ष की छात्रा मनप्रीत कौर, तीसरा स्थान बी.ए. द्वितीय वर्ष अंशिका और चौथा स्थान बी.ए. तृत्तीय वर्ष के छात्र लवदीप सिंह को प्राप्त हुआ।

जबकि 5वां स्थान बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के छात्र ने अजय प्राप्त किया। कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने छात्रों को काव्य साहित्य से अवगत करवाते हुए विश्व काव्य साहित्य में पंजाबी साहित्य के योगदान के बारे में चर्चा की। उन्होंने गुरमति काव्य, भक्तित काव्य, आधुनिक काव्य को मनुष्य की जिंदगी से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को अपने जीवन में काव्य साहित्य के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में हमें ऐसी प्रतियोगिता को बढ़ावा देना चाहिए। मंच संचालन की भूमिका विभाग की सहायक प्रवक्ता डा. जसवीर कौर ने निभाई। पंजाबी काव्य उच्चारण प्रतियोगिता में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विजेता विद्यार्थियों को सर्टीफिकेट व ईनाम देकर छात्रों को सम्मानित किया।